श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
05.11.2024
कार्तिक शुक्लपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 73

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:55 बजे
अस्त - 05:25 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 20 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
माफिया का गुलाम बन कर रह गई है झारखंड सरकार : मोदी >> पेज 03 बेबी जॉन का टीजर हुआ रिलीज : पेज 04

**सुविचार**

दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती, जो दोगे वही लौटकर आयेगा, फिर चाहे वह इज्जत हो या धोखा!

**न्यूज अपडेट्स**

## राज्यपाल से मुख्य सचिव ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य की नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज भवन में मुलाकात की। राज भवन की ओर से बताया गया कि यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी।

## चार आईपीएस अफसर दो माह में होंगे रिटायर

**रांची।** झारखंड में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी अगले दो महीने में रिटायर हो जायेंगे। इस महीने 30 नवंबर को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वे अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा डीजीपी अजय कुमार सिंह और एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर हो जायेंगे। दूसरी ओर झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं।

**विस चुनाव-24** झामुमो, कांग्रेस व राजद से संकट में झारखंड का अस्तित्व संकट में : मोदी

# पंचायतों को और सशक्त करेंगे

बंशीधर न्यूज



**चाईबासा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। घुसपैठिए इनके वोट बैंक बन गए हैं। अदालत में भी इन्होंने झूठ बोल दिए। आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की पुकार को याद रखिए और झारखंड की पहचान बचाइए। झारखंड में एनडीए की सरकार बनाइए। आदिवासी बेटियों के नाम जमीन करने के लिए कानून बनाया जाएगा। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और शहीद पोटो हो की भूमि है। झारखंड की भूमि जनजातीय गौरव और आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है। यह भूमि हमारे हो आदिवासी वीरों की गाथा गाती है। आज फिर कोल्हान में जेएमएम अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता ने कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि इस बार कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। दोनों रैलियों को देखने के बाद मैं दावे से कहता हूं कि भाजपा यहां ऐतिहासिक मतों के साथ सरकार बनाएगी। पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है कि रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा की सरकार। मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए आदिवासी आकांक्षा और उनका स्वाभिमान सर्वोपरि रहा है। यही कारण है केंद्र में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी तब ही आदिवासी भाई-बहनों को अपना राज्य मिला। बीते दशक में भी हमने आदिवासियों को सामने रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। भाजपा ने भगवान बिरसा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। इसके साथ हमारी सरकार मातृभाषा का भी सम्मान करती है। इसलिए जब झारखंड भाजपा की सरकार सत्ता में आएगी तब हो सहित अन्य आदिवासी भाषाओं को उचित सम्मान मिलेगा।

### आदिवासी समाज को और बनाया जाएगा मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि धान का एमएसपी 3100 रुपये होगा। किसानों को ये जानकारी दे दीजिए। पंचायतों को और सशक्त किया जाएगा। आदिवासी समाज को और मजबूत बनाया जाएगा। भाजपा ने इसके लिए अलग मंत्रालय बनाया है। कांग्रेस ने तो इसकी जरूरत भी नहीं समझी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा।

### युवाओं को नौकरी नहीं दी, पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया

मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं को वर्तमान सरकार ने नौकरी तो नहीं दी लेकिन पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया। पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। तीन लाख निष्पक्ष भर्ती करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है। दीदी गोगो योजना की घर-घर चर्चा है। हर माता-बहन ने इसे गले लगाया है। इसने नयी ऊर्जा भर दी है। हर महीने 2100 रुपये आएंगे और 500 रुपये में गैस सिलेंडर के साथ साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की है।

### झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया अपमानित

मोदी ने कहा कि झामुमो ने चंपाई सोरेन को अपमानित किया। उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। ये आदिवासी का अपमान नहीं है। झामुमो और कांग्रेस को महिला राष्ट्रपति बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। सीता सोरेन के साथ इन्होंने क्या किया है। आपको अच्छे से मालूम है। एक कांग्रेस नेता ने इन्हें अपमानित किया है। इसके बाद भी झारखंड के मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा।

### भाजपा ने देश को दी पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति

मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों का सम्मान किया है। इन्हें कई अहम जिम्मेदारी दी गयी है। एक तरफ जहां राज्य की बागडोर उन्हें सौंपी गयी है, वहीं कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। बीजेपी ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति दी है। मोदी ने झामुमो, राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो झारखंड के विरोधी थे, आज उनकी गोद में झामुमो बैठ चुका है। कांग्रेस आदिवासी विरोधी रही है। इसी कांग्रेस के सहारे झामुमो सरकार चला रहा है। सत्ता के लिए उसने इनसे गले मिला गया। मोदी ने कहा कि हो भाषा को उचित सम्मान मिलेगा।

## हेमंत सरकार घुसपैठियों को देती है संरक्षण :वाजपेयी



**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में रविवार को पंचायत प्रभारी और संयोजक, सह संयोजकों की हुई बैठक में विधानसभा चुनाव के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उपस्थित पदाधिकारियों को बताया कि वोट डालने के लिए मतदाताओं के पास कौन-कौन से कागजात होना चाहिए। वाजपेयी ने कहा कि वोटिंग के बाद ईवीएम को अच्छा से सील बंद करने पर ध्यान दें। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए वाजपेयी ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान करती है। हमारी सरकार बनती है तो झारखंड से सभी घुसपैठियों को चुन-चुन कर भगाया जाएगा। भारत माता सुरक्षित है तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही है। विधानसभा प्रभारी ओम सिंह ने कहा कि आप सभी कर्मवीर कार्यकर्ता अपनी संचित ऊर्जा को लगाकर अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने का कार्य करें। पांच जिलों में ओबीसी आरक्षण जो शून्य है, उसे फिर से लागू करने की घोषणा पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में की है। गोगो दीदी योजना से महिलाएं सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि अपने बूथ मजबूत करें और हेलिकॉप्टर शॉट से छक्का मारकर खूंटी विधानसभा में भाजपा को जीत दिलाएं। विधानसभा संयोजक काशी नाथ महतो ने कहा कि काफी कम समय बचा हुआ है। इसे हम अच्छा से उपयोग करें। सभी का एक ही ध्येय हो अपने प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा को जीत दिलाना है। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की। मंच संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया।

## राज्य में फिर से इंडि गठबंधन की सरकार बनेगी : सुप्रिया श्रीनेत



**रांची।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि राज्य में फिर से आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन की सरकार बनेगी। झारखंड सरकार का रिपोर्ट कार्ड ए प्लस है। राज्य की जनता भाजपा से हिसाब लेगी। लोकसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को प्रचार- प्रसार भी नहीं करने दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तिरस्कार का हिसाब लेगी। श्रीनेत सोमवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 57 लाख बेटियों और महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ दिया। इसमें 1000 रुपए दिए हैं, जबकि दिसंबर से 2500 रुपए दिए जाने हैं। 42 लाख लोगों का बिजली बिल माफ हुआ और उन्हें मुफ्त में बिजली मिल रही है। 4.50 लाख किसानों का ऋण माफ किया गया। 11 लाख छात्राओं को पांच हजार दिए गए। शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की 1.36 लाख करोड़ रुपए दबा कर बैठी है। यह राशि मिलती तो सरकार राज्य के 42500 छात्रों को पांच साल तक 5000 रुपए दे सकती थी। तीन लाख छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा सकता था। राज्य का जल संकट दूर हो सकता था। 68 लाख किसानों का दो-दो लाख का ऋण माफ हो सकता था। 68 लाख परिवारों को अबुआ आवास मिल जाता।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर लगाया आरोप, कहा**

# सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं होने दिया

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष ने एक साजिश के तहत हमारी सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया। चुनाव समय से एक महीने पहले कराया जा रहा है। भाजपा को लगने लगा कि ये सरकार लंबे समय तक रह गई तो भाजपा को झंडा ढोने वाला भी नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को डालटनगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारी सरकार के लोगों को बहकाने का भी काम किया। सरकार गिराने की साजिश रची। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगली बार झामुमो की सरकार बनी तो घर बैठे जाति आर आय प्रमाण पत्र मिलेगा। इसके लिए प्रखंड, अंचल या डीसी ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने विपक्ष की घोषणा और योजना पर भी तंज कसा और कहा कि मुख्यमंत्री मईयां योजना से भाजपा को तकलीफ हुई। इसी को देखते हुए मईयां योजना जैसी योजना लाने की घोषणा कर दी। 2100 रुपए देने की योजना एक तरह से वोट खरीदने के लिए है। इस योजना के तहत हर घर में एक लाख रुपए सालाना पहुंचाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली बिल माफ किया। भाजपा 2014 से कह रही है कि किसानों की आय दो गुनी कर देंगे। लेकिन आज तक नहीं हुआ। हमारी सरकार ने किसानों का दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ कर दिया। इनके पास सिर्फ पूंजीपतियों और कारोबारियों का कर्ज माफी के लिए पैसा है।

## यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ आज बड़कागांव व राजनाथ सिंह रातू में

बंशीधर न्यूज





**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच नवंबर को कोडरमा जिले के डोमचांच के चंद्रावती स्कूल ग्राउंड में सुबह 10:30 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। योगी आदित्यनाथ हजारीबाग जिले के बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पांच नवंबर को रांची जिले के रातु स्थित सीएन राज छोटानागपुर हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दोपहर 1:30 बजे से लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जामताड़ा जिले के सारठ स्थित तेतुलबांधा मिशन ग्राउंड में 11:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दुमका जिले के आसनसोल में दोपहर 12:30 बजे से मुरहाबहाल मोतीपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही देवघर जिले के मधुपुर स्थित करौन स्कूल मैदान में दोपहर दो बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# झामुमो के प्रति गढ़वा वासियों का उत्साह बता रहा है चुनाव का परिणाम : मंत्री मिथिलेश



## शहरी क्षेत्र के 200 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि झामुमो के प्रति गढ़वा वासियों का बढ़ता उत्साह यह बता रहा है कि विधानसभा चुनाव का परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। इस बार गढ़वा के लोग उन्हें रिकार्डतोड़ मतों से जीत दिलायेंगे। मंत्री श्री ठाकुर अपने आवास पर झामुमो में शामिल होने वाले लोगों को संबोधित कर रहे थे। सोमवार को गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के वॉर्ड 13 के पार्षद प्रतिनिधि उमेश मेहता एवं वॉर्ड 18 के पार्षद मनोज कुमार ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हुये। सभी ने मंत्री श्री ठाकुर को अपार मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आप सभी लोगों का माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में अभिनंदन एवं स्वागत है। हम अब मिलकर बेहतर गढ़वा बनाने के लिये दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में हुये बेहतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। वे जनता को विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगे। गढ़वा निरंतर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**विस चुनाव** ### आदिवासी सरकार के अपमान का लेना है बदला, विकास को जीताना है : मिथिलेश

# केंद्र सरकार देती है महंगाई का उपहार : कल्पना

## पीएम मोदी के कार्यक्रम के बावजूद कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में चिनियां व मेराल में उमड़ा जनसैलाब

बंशीधर न्यूज





**चिनियां/मेराल :** गढ़वा में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन एवं गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री मिथिलेश ठाकुर का जलवा दिखा। गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयोजित कार्यक्रम के बावजूद मंत्री श्री ठाकुर का चिनियां व मेराल में आयोजित प्रखंड स्तरीय जनसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में शामिल होकर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति समर्थन व्यक्त किया। सोमवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड अंतर्गत चिरका आईटीआई के मैदान तथा मेराल हाईस्कूल के मैदान में झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा आयोजित की गई। इस जनसभा में श्रीमती सोरेन ने उपस्थित जनसमूह से प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को ईवीएम में दूसरे नंबर पर स्थित चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने की अपील की। मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुये झामुमो की स्टार प्रचारक गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई का उपहार देती है। वह झारखंड का



पैसा दूसरे राज्यों को भेजती है और झारखंड को अपने अधिकार से वंचित रखती है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुये कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल में जो विकास का काम किया है, उसकी बदौलत हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आये हैं। झारखंड की जनता जवाब देगी कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार बनेगी या जोड़ने वाले की। भाजपा चाहती है कि हिंदू, मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा करते रहे और जनता को दिगभ्रमित करते रहे। लेकिन अब इन्हें यहां की जनता समझ चुकी है। आज मंईयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में राशि भेजी जा रही है। जो आगामी दिसंबर महीने से इस राशि को बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। भाजपा ने झारखंड में 20 साल राज किया और राज्य को अपने हालत में छोड़ दिया था। जबकि हेमंत सोरेन पांच साल में झारखंड को विकास के रास्ते पर ले आये हैं। कल्पना सोरेन की ओजस्वी भाषण में झारखंड के विकास का संकल्प साफ झलक रहा था। उन्होंने बीच-बीच में लोगों मे जोश भरते हुये तीर धनुष छाप के पक्ष में मतदान करने के लिये संकल्प भी दिलाई। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास की कोई भी योजना लाते हैं तो भाजपा उसे रोकने के लिये मुकदमा दर्ज करा देती है। भाजपा पिछड़ों का 27 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त कर 14 प्रतिशत कर दी। झामुमो उसे बढ़ाने के लिये संकल्पित है। मौके पर पार्टी प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कल्पना सोरेन को झारखंड की शेरनी बताया। मंत्री ने कहा कि चिनियां व मेराल की जनसभा में उमड़ी जनसैलाब यह बता रही है कि विधानसभा का चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। गढ़वा के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार विकास के नाम पर मतदान करना है। झूठे एवं फरेबियों को समाज में जोड़ तोड़ करने वालों को सबक सिखलाना है गरीबों, आदिवासियों की सरकार को अपमानित करने वालों से बदला लेना है। मंत्री ने अपने 5 वर्ष तक किये विकास कार्यों की बदौलत मजदूरी के तौर पर आगामी 13 नवंबर को अपने पक्ष में तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील की। श्री ठाकुर ने गढ़वा के विकास कार्यों की चर्च करते हुये कहा कि वे चिनियां के चिरका से सड़क मार्ग से चलकर हेलीकॉप्टर के साथ ही मेराल की सभा में शमिल हो गये। जबकि पूर्व में वहां से मेराल पहुंचने में 2 घंटे का समय लगता था।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नितेश सिंह, फरीद खान, माले नेत्री सुषमा मेहता, अरविंद यादव, राजकिशोर यादव, बनारसी सिंह, सुनैना देवी, उमाशंकर गुप्ता, चंदू कोरवा, चरखु परहिया, चैतु सिंह, रामु भुईयां, फारूक, रामवृक्ष सिंह, गंगेश्वर सिंह, प्रमिला देवी, संपूर्णा तिवारी, जैनुल्लाह अंसारी, रामसागर यादव, जवाहर पासवान, संजय भगत, दीपमाला, अतहर अली, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, सूर्य प्रकाष, दशरथ प्रसाद, अजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## डीसी ने की कोषांगों की समीक्षा, चुनाव आयोग के नियमों के पालन का निर्देश

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने सोमवार को पांचो विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों व उनके प्रभारी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान श्री रंजन ने एक-एक कर सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इसमें मुख्य रूप से ईवीएम/वीवीपैट कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, एमसीसी सेल, निर्वाचन कोषांग, पोस्टल बैलेट सेल, सेवा मतपत्र, मीडिया कोषांग आदि की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 3 नवंबर को होम वोटिंग व सुविधा केंद्र पर कितना मतदान हुआ से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने पांचो विधानसभा में वोटर इनफार्मेशन स्लिप के वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में छोटी लापरवाही को भी बर्दाशत नहीं किया जायेगा। उन्होंने पूरे चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन जरूरी बताया। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारी का तामिला, स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को असिस्ट करने को लेकर जो वॉलिंटर्स रहेंगे उनको प्रशिक्षित करने पर बल दिया। इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने अन्य कई बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुये कई निर्देश दिये।

## 10 वर्षों का कष्ट नहीं भूलें : त्रिपाठी



**मेदिनीनगर :** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भण्डरिया प्रखंड के दर्जनों से अधिक पंचायत के विभिन्न इलाकों का सघन जनसंपर्क सह परिभ्रमण कार्यक्रम चलाया जिसमें जोश जुनून और उत्साह से स्थानीय लोग लबरेज थे। उन्होंने भण्डरिया प्रखंड के फकीराडिह, ढेकही, बिजका, चपलसी, हरता, तिहारो, कुरूण, परों, नगनाहा, बिन्दा, कंजीया मदगडी, सरईडीह, जेनेवा और बंगाली डेरा समेत कई ग्रामों में जाकर देवतुल्य जनता से मिलें। साथ ही आगामी 13 नवम्बर को क्रम संख्या 03 हाथ छाप पर वोट देने के लिये अपील की। आगामी 13 नवम्बर को अपने बच्चों के भविष्य निर्माण और क्षेत्र में विकास कार्य के लिये अपना मत का प्रयोग करने की बात कही। दौरा के क्रम में रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़ में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। पांच साल में आपको जो काम डाल्टनगंज-भण्डरिया विधानसभा क्षेत्र में करवाना है, चाहे वो कोयल नदी को बांधने की बात हो, चाहे पेयजल की बात हो, चाहे खासमखास की बात हो चाहे सिंचाई की बात हो, चाहे बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की बात हो, चाहे सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल की बात हो वो काम किससे करवा सकते हैं और कौन कर सकता है।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में छठ महापर्व में साढ़े तीन लाख लोगों के स्वागत की तैयारी

# हो गयी घाटों की सफाई, लगाये जा रहे बड़े-बड़े टेंट

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ की जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। पहले झरना घाटी में पिछले 6 वर्षों से काबिज फर्जी ट्रस्ट की अवधि में लगी गंदगी और झाड़ झंखाड़, उग आई झाड़ियां और बड़े-बड़े पेड़ों को जेसीबी से तीन दिनों की मेहनत के बाद साफ किया गया। इसके साथ ही झरना घाटी के पश्चिम मेला मैदान के ऊंचे-नीचे भाग को समतल किया गया। इतना ही नहीं झरना घाटी में सेतु मार्ग के उत्तर एवं दक्षिण के भाग को समतल किया गया। जिस पर इन दोनों पर टेंट लगाया जा रहा है। जबकि सेतु मार्ग के नीचे जमा बालू को हटाकर उधर से भी व्रतियों के आने-जाने का मार्ग साफ कर दिया गया है। जबकि नदी की धारा को छठ घाट से होकर बहने का रास्ता दिया गया है। यद्यपि छठ घाट से पानी की सतह की गहराई थोड़ी सी अधिक है। यहां सीढ़ी का निर्माण किया जायेगा। जबकि झरना घाटी के पश्चिम के मेला



मैदान में बड़े-बड़े टेंट लगाये जा रहे हैं। सूर्य मंदिर से प्रवचन मंच तक की लंबाई में तीन कतारों में दोनों तरफ से निराहार छठ व्रतियों के बैठने की जगह चिन्हित की जा रही है। ऊपर से टेंट लगाया जा रहा है। जबकि बीच-बीच से रास्ता दिया गया है। पूरे मैदान, झरना घाटी, नवीन यज्ञशाला मैदान व सभी मंदिरों में रंग बिरंगी प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। कारीगरों के साथ दो दर्जन से अधिक मजदूर दिन-दिन भर काम में लगे हुये हैं। झरना घाटी के पूरब एवं पश्चिम दोनों तरफ के प्याऊ से लगातार पेयजल की आपूर्ति जारी रहेगी। इसी तरह मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के द्वारा समय-समय पर सूचना प्रसारण के लिये साउंड की व्यवस्था की जा रही है। इन दिनों जारी कार्यों का यश कुमार पांडेय उर्फ लाला पांडेय के द्वारा पर्यवेक्षण किया जा रहा है। मालूम हो कि सतबहिनी झरना तीर्थ छठ महाव्रत के विराट सामूहिक महा अनुष्ठान के लिये निकट और दूर के लोगों के लिये पहली पसंद बन चुका है। यहां पर स्थानीय 100 गांवों के साथ-साथ झारखंड के विभिन्न जिले एवं देश के विभिन्न प्रदेशों की छठ व्रती एवं उनके परिजनों के साथ-साथ सतबहिनी झरना तीर्थ के छठ के आयोजन की मनोहारी छटा देखने के लिये काफी बड़ी संख्या में दर्शकों को मिलाकर करीब साढे तीन लाख लोग यहां आया करते हैं। इस वर्ष इस संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। सतबहिनी विकास समिति के अध्यक्ष समाजसेवी सह राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह एवं सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से छठ सतबहिनी झरना तीर्थ में आकर छठ व्रत के महा अनुष्ठान में भाग लेने की अपील की है।

**विस चुनाव** ▶ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गढ़वा में चुनावी जनसभा, राज्य सरकार पर किया हमला**

# माफिया का गुलाम बन कर रह गई है झारखंड की सरकार

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में गढ़वा की धरती पर पधारे। दो लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति और उत्साह के बीच उन्होंने झारखंड की सरकार को माफियाओं का गुलाम बताया। गढ़वा को बालू तस्करी का बड़ा केंद्र बनाने, लोगों को पलायन के लिये मजबूर करने और ट्रांसफर पोस्टिंग को प्रमुख धंधा बनाकर जनता की आकांक्षाओं पर कुठाराघात करने के लिये झामुमो नेतृत्व वाली इंडी गठबंधन सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने गढ़वा सहित झारखंड वासियों से भाजपा एनडीए की सरकार बनाने की अपील की ताकि राज्य का तेजी से विकास हो सके। केंद्र की विकास योजनाओं को झारखंड की धरती पर उतरा जा सके और यहां का डबल विकास कर आदिवासी, दलित, पिछड़ा सहित सभी जनों की समस्याओं का निराकरण कम समय में किया जा सके। वे सोमवार को गढ़वा जिला मुख्यालय से सटे चेतना खेल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने झारखंड में तुष्टिकरण को चरम पर पहुंचा दिया है। घुसपैठिये को समर्थन कर रही है। घुसपैठिये को झारखंड में बसा रही है। जिसके राजपाट में विद्यालयों में सरस्वती वंदना को बंद कराया जा रहा है। त्यौहार मनाने से रोका जा रहा है। दुर्गा माता का रास्ता रोका जा रहा है। बेटियों की शादी में छल कपट किया जा रहा है। घुसपैठिये पर हाईकोर्ट जब संचयन लेती है तो सरकार घुसपैठ के समर्थन में पत्र लिखती है तो समझ जाएं खतरा कितना बड़ा है। इन तमाम खतरों से बाहर निकालना, झारखण्ड का तेज विकास तभी संभव है जब केंद्र की योजना को तेजी से राज्य में लागू किया जाय। यह तब तक संभव नहीं है जब तक झारखंड में झामुमो कांग्रेस की लुटेरी सरकार बैठी है। आप अपने एक-एक वोट से भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा के प्रत्याशियों को जिताकर झारखंड में भाजपा एनडीए की डबल इंजन की सरकार बनायें। तभी हम अपनी स्वतंत्रता, अपनी अस्मिता, झारखंड और यहां के लोगों को बचा सकेंगे।

### भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गई केंद्र की लाभकारी योजनाएं

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने केंद्र की हजारों करोड़ की लाभकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दी। उत्तर कोयल मंडल डैम को पूरा करने के लिये गत वर्ष ही हजारों करोड़ रुपये दिये गये थे। उसमें विस्थापितों के पुनर्वास के लिये भी फंड शामिल थे। लेकिन राज्य सरकार ने उसकी अनुमति ही नहीं दी। इस कारण सिंचाई, पेयजल की बड़ी योजनाएं जनता का काम नहीं आ सकी। वहीं विस्थापितों को भी खुले आसमान में रहना पड़ रहा है। सोन-कोयल योजना से पूरे गढ़वा को पानी आपूर्ति की योजना भी राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया से अधर में हैं। नल जल योजना के लिये केंद्र सरकार ने हजारों करोड़ रुपये दिये लेकिन यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि सह पेयजल मंत्री काम कराने के बजाय अपनी तिजोरी भर ली। केंद्र सरकार ने पलामू-गढ़वा में सोलर पार्क की मंजूरी दी थी। लेकिन हेमंत सरकार ने इसके लिये जमीन ही उपलब्ध नहीं करा सकी। इस तरह केंद्र की अनेकों योजनाएं झारखंड सरकार की फाईल में धूल फांक रही हैं। हेमंत सोरेन इन योजनाओं से डरते हैं। उन्हें लगता है कि इसे करने से क्रेडिट केंद्र सरकार को मिल जायेगी। अपना क्रेडिट लेने के लिये हेमंत सोरेन ने जनता को हाशिये पर भेज दिया है। हम जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, बशर्ते आप हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने में सहयोग करें। पीएम ने कहा कि तेज विकास भाजपा की गारंटी है और इसे पूरा करने का संकल्प ही हमें आप सबों के बीच का खड़ा किया है। आप आगे आएं। विकास आपके देहरी पर दिखेगी।



### गढ़वा में बने एक लाख 15 हजार आवास

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड में 16 लाख गरीबों का घर बना है। गढ़वा में भी एक लाख 15 हजार गरीबों को आवास मिला है। अब तीन करोड़ नये घर बनाने की मेरी गारंटी है। झारखंड में भी 21 लाख नये घर बनेंगे। कहीं भी मिट्टी का घर देखें। उन्हें आवास देने की गारंटी अपने आप को मोदी समझकर दे दें।

### झारखंड के नवजवानों में नहीं है टैलेंट की कमी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। खेल के क्षेत्र में झारखंड के युवा देश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें सर्व सुविधायुक्त खेल का मैदान और प्रशिक्षण भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का उनका वादा भी झूठा निकल गया। झारखंड में परीक्षा में धांधली, पेपर लीक लुट का उद्योग बन चुका है। सिपाही भर्ती में कई युवाओं की जान चली गई। पिछले चुनाव में युवाओं से झूठ बोलकर वोट लेने वाले झामुमो कांग्रेस को इस बार अपने वोट से ऐसा चोट दें कि ये दूर दूर तक नजर न आएं। फिर से वे आपको छलने न आ जाएं।

### बेटी-रोटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा की सरकार

प्रधानमंत्री अपनी सभा में उपस्थित लोगों से एक नारा का अभ्यास कराया। वह नारा है-बेटी रोटी माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा एनडीए की सरकार। उन्होंने कहा कि झारखंड के चुनाव में भाजपा का संकल्प पत्र शानदार है। बेटी रोटी माटी की सम्मान, सुरक्षा, समृद्धि के लिये समर्पित है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद गोगो दीदी योजना के तहत झारखंड के सभी मां बहनों को प्रतिमाह 2100 रुपये मिलेंगे। माताओं को पहले उज्ज्वला योजना से जोड़कर निःशुक्ल गैस सिलेंडर दिया गया था। अब उन्हें मात्र 500 में गैस सिलेंडर मिलेगी। दीपावली एवं रक्षाबंधन के दिन निःशुल्क दो सिलेंडर देंगे। तीन लाख सरकारी नौकरी देंगे। पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं होगी। इसके लिये वार्षिक कलेंडर जारी किया जायेगा। युवा साथी को 2000 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। किसानों के लिये धान के फसल के लिये न्यूनतम समर्थक मूल्य 3100 रुपए क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लाभ भाजपा शासित अन्य राज्यों में दिया जा रहा है। ये मोदी और भाजपा की गारंटी है। मोदी जो बोलता है करता है।

### मोदी ने खड़गे की बयान को हथियार बनाकर परोसा

चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की बयान से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खड़गे जी के मुंह से सच सामने आ गया। खड़गे ने पिछले दिनों माना कि कांग्रेस झूठे वादे करती है। ऐसे झूठ से कांग्रेस शासित राज्य दिवालिया बन जाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करती है। चुनावी सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भवनाथपुर के विधायक सह प्रत्याशी भानू प्रताप शाही, गढ़वा के प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी, विश्रामपुर के प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी सहित कई प्रत्याशी और नेता उपस्थित थे।

---

**गढ़वा की धरती पर पहली बार पड़ा प्रधानमंत्री का कदम**

## स्वागत में नारों से गूंजा आसमान

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** गढ़वा की धरती पर नरेंद्र मोदी के रूप में पहली बार किसी प्रधानमंत्री का कदम पड़ा। इसके साथ ही 4 दिसंबर का दिन गढ़वा लिये ऐतिहासिक बन गया। देश की आजादी के बाद गढ़वा जिले की धरती पर आने वाले नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री बन गये। जिला मुख्यालय के समीप चेतना गांव के मैदान में पधारे देश के प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर झारखंडी गीत और नृत्य के बीच पुष्प वर्षा के साथ प्रधानमंत्री को मंचासिन किया गया। प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर गढ़वा वासियों का अभिनंदन किया। कहा गढ़वा आकर वह अपने को धन्य मानते हैं। यहां के स्वागत से वह अभिभूत हैं। गढ़वा भारत का अहम हिस्सा है। भारत की उन्नति में गढ़वा की भी उन्नति निहित है। उन्होंने आज गढ़वा को नजदीक से देखा है। इस क्षेत्र के विकास के लिये सरकार विशेष योजना के तहत कार्य कर रही है। अपनी धरती पर प्रधानमंत्री को देख लोग काफी खुश थे। मोदी के प्रति सकारात्मक भाव लिये गढ़वावासी प्रधानमंत्री की एक-एक बातों को गंभीरता से सुन रहे थे।

## आम की सूखी लकड़ियों का वितरण आज : बीएम पाण्डेय

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** छठ महापर्व को लेकर टीटीई आगेनाईजेशन एवं ईसीआरएमसी द्वारा मंगलवार को छठव्रतियों के बीच सुखी आम की लकड़ी का वितरण किया जायेगा। वितरण का कार्यक्रम टीओपी 2 थाना के समीप माता कमला देवी चिल्ड्रन शेड में सुबह आठ बजे से होगा। इस संबंध में टीटीई आगेनाईजेशन के मंडल उपाध्यक्ष बीएम पाण्डेय व ईसीआरएमसी के संयुक्त महासचिव ने बताया कि प्रचुर मात्रा में सुखी आम की लकड़ी का वितरण किया जायेगा, जिससे रेल परिवार के साथ-साथ सैंकड़ों शहरवासी इस कार्य से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इस तरह का पुनीत कार्य हमारे संगठन के द्वारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। वैसे भी हमारा संगठन सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता रहा है। सभी छठ व्रतियों से आग्रह है कि कल सुबह आठ बजे समय पर आकर सुखी आम की लकड़ी प्राप्त कर सकते हैं।




## बेबी जॉन का टीजर हुआ रिलीज, 25 दिसंबर को रिलीज होगी

वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन का आखिरकार टेस्टर कट टीजर रिलीज हो गया है। यह वैसा ही है जिसकी फैंस उम्मीद कर रहे थे। कालीज के निर्देशन में बनी बेबी जॉन एक रोमांचक मसाला पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है, जो एक्शन, ड्रामा और रोमांच से भरपूर है। साथ में बेहतरीन संगीत और कलाकारों ने इसे और भी अद्भुत बना दिया है। बेबी जॉन को बिग सिने एक्सपो में प्रदर्शकों और वितरकों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग में पहले ही जबरदस्त प्रशंसा मिल चुकी है। इस वजह से फैंस के बीच इसे ले कर काफी उत्साह है। इसी उत्साह को बढ़ाते हुए, बेबी जॉन का टीजर कट दिवाली के मौके पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है, जहाँ दर्शक इस चमत्कार को देख सकते हैं। एस थमन के संगीत के साथ यह फिल्म सिंगल-स्क्रीन थिएटर और मल्टीप्लेक्स में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। इस क्रिसमस बेबी जॉन में सिर्फ. अच्छे वाइब्स ही देखने को मिलेंगे, जैसा कि टीजर से पता चलता है। वरुण धवन की मुख्य भूमिका के साथ जैकी श्रॉफ, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और राजपाल यादव जैसे कलाकार भी हैं। सिनेप्रेमियों के लिए यह छुट्टियों का मौसम और भी ज्यादा रोमांचक होने वाला है। एटली और सिने1 स्टूडियो के सहयोग से जियो स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत बेबी जॉन ए फॉर एप्पल स्टूडियो और सिने1 स्टूडियो का प्रोडक्शन है। यह फि ल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अनुपम खेर ने हॉलीवुड में अपनी पहचान बनायी : अनिल कपूर



अनिल कपूर ने अनुपम खेर के साथ कई फिल्मों में काम किया है और उन्हें करीब से देखा है। अनिल कपूर कहते हैं कि अनुपम खेर हर उस शख्स के लिए प्रेरणा हैं, जो बड़े सपने देखता है। हिंदी मीडियम से आने के बावजूद अनुपम ने हॉलीवुड में सबसे बड़े निर्देशकों और अभिनेताओं के साथ काम किया। यह उनकी भूख और जुनून को दर्शाता है कि वे विश्व सिनेमा में अपनी छाप छोड़ना चाहते थे। अनिल कहते हैं, अनुपम खेर हमारे इंडस्ट्री के सबसे बड़े रिस्क-टेकर हैं। वे एक ऐसे बहुरंगी कलाकार हैं जो कुछ भी कर सकते हैं। मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला है और वह सच में भारत के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक हैं। अनिल कपूर ने अनुपम खेर को आने वाली नेटफ्लिक्स रिलीज विजय 69 के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि यह ग्लोबल हिट साबित हो। यह फिल्म यश राज फि ल्म्स एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस की है और यह यश राज फि ल्म्स का नेटफ्लिक्स के साथ चौथा प्रोजेक्ट है। वे कहते हैं, विजय 69 अनुपम की कड़ी मेहनत और उनके अभिनय के जीनियस का प्रमाण है। 69 की उम्र में भी अनुपम काम के लिए उतने ही उत्साहित हैं, जितना एक नए अभिनेता के तौर पर रहते हैं। वे अनुशासित हैं, जीवन को पूरी तरह से जीते हैं, पढ़ने-लिखने में रुचि रखते हैं, मजाकिया हैं और एक सच्चे दोस्त भी हैं। अनिल और अनुपम सालों से दोस्त हैं और दोनों फिटनेस में गहरी रुचि रखते हैं।




## रामगढ़ : स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों ने दिया मतदान का संदेश

# शांतिपूर्ण चल रहा चुनाव प्रचार : रवि

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में 31 प्राथमिकी दर्ज

### अब तक 147.80 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त

बंशीधर न्यूज



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। आदर्श आचार संहिता की छिटपुट घटनाएं भी सामने आ रही हैं। अभी तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में 31 प्राथमिकी दर्ज की गईं हैं। इनमें सर्वाधिक 18 मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुईं हैं। रांची, सिमडेगा और रामगढ़ जिले में दो-दो मामले दर्ज हुए हैं। सरायकेला, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, जामताड़ा, हजारीबाग और पलामू जिले में एक-एक मामले दर्ज हुए हैं।

कुमार सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त हो रही है कि त्योहार और फसल कटाई को लेकर राज्य से बाहर गये श्रमिक अपने घर लौट रहे हैं। चुनाव के समय उनकी घर वापसी से उम्मीद जगी है कि वे इस दौरान मतदान में भी हिस्सा लेंगे। इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी संभावित है। मतदाता जागरुकता अभियान के दौरान ऐसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस हर तरह के संस्थानों में कार्यरत लोगों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित कराने पर है। पिछले चुनाव में कतिपय लोक उपक्रमों में इसे लेकर थोड़ी उहापोह की स्थिति देखी गयी थी लेकिन इस बार अनिवार्य रूप से कर्मियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश देना सुनिश्चित किया जा रहा है। कुमार कहा कि यदि रांची में किसी संस्थान में कोई कार्यरत है और वह पाकुड़ में मतदान करने जाना चाहता है, तो उसे भी समय से अवकाश देना नियोक्ताओं के लिए अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने हर छोटे-बड़े संस्थानों को अपने कर्मियों के साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए अपने संस्थान में गठित वोटर अवेयरनेस फोरम के जरिये सपरिवार विभिन्न तरह के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 01 अरब 47 करोड़ 80 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

### चुनाव आयोग के व्यय प्रेक्षक ने की उम्मीदवारों के साथ बैठक



**रांची।** चुनाव आयोग के व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ओझा ने सोमवार को रांची के सिल्ली और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के साथ बैठक की। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राम नारायण सिंह तथा खिजरी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू के द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान हो रहे व्यय के संबंध में जानकारी देने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को लेखा जांच तथा चुनाव से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें व्यय की अधिकतम सीमा प्रति उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख के बारे में बताया गया। व्यय प्रेक्षक ने सभी उम्मीदवारों को बताया कि सिर्फ.पैसे के बल पर कोई भी उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में न कर सके, इसीलिए निर्वाचन आयोग पूरे प्रचार अभियान के दौरान सभी उम्मीदवारों के जरिए किए जाने वाले व्यय की समीक्षा करता है। इस अवसर पर सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के एइओ आकाश कुमार, खिजरी विधानसभा क्षेत्र के एइओ पंकज नारायण और व्यय प्रेक्षक के संपर्क पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## प्रदेश भाजपा ने पार्टी नेताओं के फोन टेप करने के लगाए आरोप

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के



प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा और ज्ञापन सौंपा कि भाजपा नेताओं के फोन टेप किया जा रहा है। मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। सुधीर श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर पुलिस के उच्च पदाधिकारियों के जरिए भाजपा के नेताओं एवं पदाधिकारियों का फोन टेप किया जा रहा है। केवल फोन ही नहीं, बल्कि भाजपा नेताओं का रेकी भी की जा रही है। साथ ही भाजपा नेताओं के आवासों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करने की योजना बन रही है। पुलिस की कार्यशैली से लग रहा है कि चुनाव के दौरान ही भाजपा नेताओं की हत्या करायी जा सके। श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी के पास इस बात के पक्के सबूत हैं कि उनके नेताओं का कैसे फोन टेप हो रहा है। चुनाव के दौरान किसी व्यक्ति का फोन टेप करना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन तो है ही साथ में आरपीएक्ट की धारा 123(7) के तहत अपराध है। ऐसा करना भारतीय टेलीग्राफ एक्ट की धारा 5(2) के तहत भी अपराध है। बिना पुलिस के उच्च अधिकारियों के यह फोन टैपिंग संभव नहीं है। इस फोन टैपिंग में राज्य के आला अधिकारी भी शामिल हैं।

Hit लिस्ट

## सभी कर्मियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का प्रावधान

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी



संस्थानों के नियोजकों को कहा है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं। वह सोमवार को श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा है कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी करें ताकि ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

## पिकअप वैन ने चार को कुचला, तीन की मौत

**धनबाद।** धनबाद के गोविंदपुर स्थित जीटी रोड पर फकीरडीह के पास



सोमवार की सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब 7 बजे रूबी खातून (26) अपनी बेटी सीपत परवीन (08), बहन जानवी उर्फ आयत परवीन (15) और उनके पड़ोस की ही रहने वाली दुर्गेश शाह की पुत्री ट्यूशन जाने के लिए सड़क पार करने की तैयारी में थे, इसी दौरान तेज रफ्तार एक पिकअप वैन ने चारों को बुरी तरह से रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही रूबी, सीपत और जानवी की मौत हो गई।

### भाजपा भी अब परिवारवाद पर बोल रही है : झामुमो, 2014 से 2019 के बीच कितने उद्योग बंद हुए यह भी बताना चाहिए था डबल इंजन सरकार को

# प्रधानमंत्री जी! आप के मुंह से झूठ निकले यह ठीक नहीं : सुप्रियो भट्टाचार्य

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घूम रहे हैं। प्रधानमंत्री गढ़वा गये, फिर चाईबासा गये अच्छा है। उन्हें भी एहसास हो गया कि भाजपा इस चुनाव में पराजित है। चाईबासा, गढ़वा में जो रैली हुई। अमित शाह कल झूठ का पुलिंदा जारी किये। उसमें कोई विशेष बात नहीं, वह परिवारवाद पर बोले, भाजपा अब परिवारवाद पर बोलेगी। भट्टाचार्य सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम यह कौन सा परिवारवाद जब बोलने के लिये कुछ नहीं



आपके पास ऐसी बात क्यों। डबल इंजन की सरकार 2019 में थी, 2014 से थी। इस अवधि में कितने उद्योग लगे, कितने बंद हो गये। प्रधानमंत्री आप के मुंह से झूठ निकले यह ठीक नहीं। चुनाव से पहले जमशेदपुर गये, वंदे भारत को हरी झंडी दिखाया, आज से शुरू हुई जो गया से चली। 12 वंदे भारत हो गई। गया से रांची, रांची से चाईबासा तक। 9 वंदे भारत रेल मंत्रालय चला रही, 3 पीएम चला दिये। 3 वंदे भारत कहां से आ गये। उन्होंने कहा कि रेलवे से पता किया तो पता चला कि गया से गढ़वा तक आज चलाई गई, गया से रांची, रांची से चाईबासा 3 हो गये। पीएम का इतना हल्का भाषन बोलने के लिये कुछ नहीं। बस एक बात का अपमान हो रहा, विदेशों में जो भारतीय लोग रहते थे, नागरिकता बताने में शर्म करते थे, पीएम ने कहा मेरे आने के बाद गर्व करते हैं। सुप्रियो ने कहा कि 2.20 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी विदेश के लिये। विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय में पेश हुए हैं, संसद में पेश हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हरियाणा की जनता भी उन्हें सुन रही थी। अभी तक विज्ञापन भी नहीं निकला तो फिर आवेदन कहां से हो गया और नियुक्ति कहां से हो गई। चाईबासा की सभा में प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले ही मैदान खाली होने लगा। लोगों को ढोकर लाया गया था। हमारी सरकार ने हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कैबिनेट से निर्णय लिया और मोदी कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है। सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह बताना चाहिए।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)